27 korba-pg1_Layout 1 9/28/2025 12:15 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि


बिलासपुर, रविवार 28 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



व्यापारियों एवं आमजन से भाजपा नेताओं ने किया सीधा संवाद

4

## शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने हो रही है तैयारी, संकुल प्रभारियों को बदलने की हो चुकी है कार्रवाई

# अब हर संकुल में आएंगे दस स्कूल, होगा परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आने वाले समय में शहरी और ग्रामीण अंचलों के संकुल केंद्रों का परिसीमन की तैयारी चल रही है। नए परिसीमन के बाद हर संकुल के अंतर्गत 10 स्कूल आएंगे जिससे संकुल प्रभारियों को स्कूल के निरीक्षण में दबाव और लंबी दूरी का समय नहीं तय करना पड़ेगा और वह अपने मूल शाला में अध्यापन का कार्य भी कर सकेंगे।

संकुल प्रभारियों को लेकर लगातार योजनाएं बनाई जा रही है कहीं नए संकुल बनाए जा रहे हैं तो कहीं संकुल प्रभारी बदले जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जि के सभी 269 संकुल केंद्रों का नए सिरे से परिसीमन होगा। इस परिसीमन के बाद अब हर संकुल के अंतर्गत 10 स्कूल ही आएंगे। इससे शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। पूर्व में एक संकुल के अंतर्गत 15 से 20 स्कूल हुआ करते थे। नतीजा एक संकुल प्रभारी का सारा समय 15 से 20 स्कूलों के अध्यापन व्यवस्था की देखरेख के साथ प्रशासकीय कार्य में लग जाता था। जबकि राज्य शासन के नियमों के तहत प्रत्येक संकुल प्रभारी को अपने मूल शाला में अध्यापन का कार्य भी करना है। किंतु पुरानी व्यवस्था के कारण संकुल प्रभारी केवल संकुल का कार्य ही देख पाते थे। अध्यापन का काम तो दूर की कौढ़ी हो गई थी और सारा समय संकुल के दफ्तर का चक्कर काटने में लग जाता था। जिससे स्थिति स्कूलों की बिगड़ जाती थी। पूर्व में संकुल प्रभारियों को बदलने के संबंध में पिछले साल कार्यवाही शुरु हुई थी लेकिन शिकायतों की वजह से बदलने की कार्यवाही रोक दी गई थी।

### सबसे अधिक संकुल पोड़ी ब्लॉक में

जिले में सबसे अधिक संकुल केंद्र पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में है। 112 संकुल केंद्र वाले पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में लगभग 215 प्रायमरी और 125 मिडिल स्कूल है, जहां शिक्षकों की संख्या दर्ज संख्या के हिसाब से पदस्थ हैं। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में नए परिसीमन के बाद 10 और संकुल बनाए जा सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था में आ रहे बदलाव के मद्देनजर अब संकुल केंद्रों के अंतर्गत स्कूलों की संख्या कम की जा रही है।

### लंबे समय से जमे संकुल प्रभारी भी बदल सकते हैं

लंबे समय से संकुल केंद्रों में जमे संकुल प्रभारियों की बदलने की कार्यवाही हो सकती है। कई संकुल केंद्र प्रभारी संगठन से जुड़े होने के कारण इनका अधिकांश समय संगठन के कार्यों में चला जाता है। जिसकी वजह से संकुल के कार्य भी नहीं हो पाते हैं। अधिकांश संकुल प्रभारियों के विरुद्ध बिना सूचना के अवकाश में रहने की भी शिकायते सामने आ रही है। जिससे यह माना जा रहा है कि लापरवाह संकुल प्रभारियों को बदला जाएगा। यह भी बताया जाता है कि कुछ संकुल प्रभारियो के खिलाफ जांच चल रही है। जिसकी रिपोर्ट पश्चात कार्यवाही भी तय मानी जा रही है।

# वनवासी छात्रावास में कन्या भोज के साथ बांटे उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के संकल्प महिला मंडल ने नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में माँ सर्वमंगला वनवासी कन्या छात्रावास पहुंचकर उपहार बांटा। संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रूबी श्रीवास्तव की अगुवाई में मां दुर्गा स्वरूप कन्याओं की पूजा-अर्चना के बाद कन्या भोज भी कराया गया। संकल्प महिला मंडल समय-समय पर जनसेवा व परोपकार के कार्य दायित्वों को निभाता रहा है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन व कविता पंड्या, सचिव संगीता कोरम, सह-सचिव मधु जायसवाल व मंजूषा बरडिया, कोषाध्यक्ष हर्षिता श्रीवास्तव, क्रीड़ा सचिव दिव्या देवांगन एवं सांस्कृतिक सचिव दीक्षा गुप्ता उपस्थित रहीं।

# सड़क हादसे में युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार की टक्कर से युवक बुरी तरह हुआ घायल हो गया। घिनारा के आगे पेट्रोल पंप के पास उक्त घटना घटित हुई। नोनबिर्रा से रामपुर जाने वाले सड़क पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। जायलो कार सवार की टक्कर से बाइक सवार युवक का घुटना बुरी तरह जख्मी हो गया है। युवक के घुटने की हड्डी बाहर निकल गई है। स्थानीय लोगों द्वारा 112 को सूचित किया गया है। बताया जा रहा है कि जख्मी युवक घिनारा में रहता है, जायलो सवार भी स्थानीय है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444










## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का पुनर्गठन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का संशोधित आदेश जारी कर दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। 26 सितंबर को जारी इस संशोधित आदेश के अनुसार, समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर, कोरबा होंगे। समिति के सचिव का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरबा को सौंपा गया है। इस समिति में नगर पालिक निगम आयुक्त, लीड बैंक मैनेजर (एसबीआई शाखा), ज़िला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन, तथा उद्योग एवं ग्रामोद्योग विभाग के ज़िला प्रबंधक सहित अन्य प्रमुख अधिकारी भी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**जांजगीर-चांपा।** अवैध शराब परिवहन कर बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 60 पाव देशी शराब जब्त की गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सिवनी उमरेली रोड फाटक के पास तथा हाईवे अंडर ब्रिज के नीचे से दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने परिवहन कर रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान दुरपा बाराद्वार निवासी 24 वर्षीय ब्यासनारायण यादव और सरहर बाराद्वार निवासी 30 वर्षीय मुकेश यादव को पुलिस ने पकड़ा। उनके कब्जे से अलग- अलग 30-30 पाव देशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 48 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### नैला दुर्गोत्सव में भगदड़ व उत्पात रोकने पुलिस ने कसी कमर



**जांजगीर-चांपा।** नैला के दुर्गोत्सव में दिनों दिन भीड़ बढती जा रही है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम मुस्तैद हो गई है। पूरे पंडाल क्षेत्र में पुलिस की पैनी नजर है। सीसीटीवी से जहां निगरानी की जा रही है, वहीं पुलिस बल भी जगह जगह पर तैनात है। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर युवाओं के कड़े जब्त किए जा रहे है। पुलिस ने लोहे और स्टील के 17 सौ कड़े जब्त किए है। नैला का दुर्गोत्सव साल दर साल अपनी भव्यता की ओर अग्रसर है। आकर्षक पंडाल और प्रतिमा को देखने बड़ी तादाद में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंच रहे है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लोग यहां पहुंच रहे है। ऐसे में भीड़ काफी ज्यादा हो रही है। भीड़ में भगदड़ और उपद्रव को रोकने पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। आयोजन स्थल पर पुलिस सहायता केन्द्र खोला गया है। वहीं सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। साथ ही किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। भीड़ में विवाद और झगड़े की आशंका को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार सर्चिंग भी की जा रही है। इन दिनों युवाओं में मोटे कड़े पहनने का चलन बढ़ा है। विवाद या झगड़े की स्थिति में इन भारी भरकम कड़ों का इस्तेमाल हथियार के रूप में किया जा सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कड़े जब्त किए जा रहे है। पुलिस ने अब तक लोहे और स्टील के 17 सौ कड़े जब्त किए है।

### दुर्गा पंडाल से मोबाइल की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम पचरी में दुर्गा पंडाल से तीन मोबाइल की चोरी कर ली गई। पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम के पचरी के सार्वजनिक महामाया दुर्गा पंडाल में गांव के ही निखिल कंवर और उसके दो दोस्त 25 सितंबर की रात सो गये थे। सुबह जब उठकर देखा तो सभी का मोबाईल गायब था। मामले की रिपोर्ट अकलतरा थाना में दर्ज कराई गई। ग्राम वासियों ने बताया कि गांव का संजू कश्यप आदतन चोर है एक दिन पहले जेल से आया था एवं रात में चांपा निवासी अपने दोस्त सुरेश यादव के साथ घूमते दिखा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से तीनों मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने संजू कश्यप और सुरेश यादव को धारा 331 (4) 305 (ए), 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ओपन थियेटर मैदान घंटाघर में होगा भव्य रामलीला का आयोजन

# उद्योग मंत्री पहुंचे ओपन थियेटर मैदान, रामलीला आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने घंटाघर ओपन थियेटर मैदान स्थित रामलीला स्थल पहुंचकर रामलीला आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने भव्य रामलीला आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल पर शहर में पहली बार भव्य रामलीला एवं दशहरा मेला आयोजन 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक होगा, जिसमें बनारस की प्रसिद्ध रामलीला मण्डली द्वारा रामलीला का मनमोहक मंचन किया जाएगा। साथ ही आयोजन में भव्य लेजर शो से रामायण का प्रदर्शन व भव्य आतिशबाजी तथा रावण दहन का कार्यक्रम भी रखा गया है। शनिवार को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन घंटाघर पहुंचे तथा रामलीला स्थल की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने इस मौके पर तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित थे। रामलीला तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, राम दरबार मंच, दर्शक दीघा, मंचन संचालन , बेरिकेटिंग, डेकोरेशन एवं लाईटिंग व विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रसाद वितरण व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



रामलीला स्थल करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मोदी।

### विविध तिथियों में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 सितम्बर को पुष्पवाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, रामतिलक प्रसंग, मंथरा कैकेई संवाद, 29 सितम्बर को रामबन गमन, केंवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप, 30 सितम्बर को पंचवटी प्रसंग, सीताहरण, राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, अशोक वाटिका प्रसंग एवं लंका दहन, 1 अक्टूबर को सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक तथा अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम रखे गए हैं।

# बालको के कनेक्ट प्रोग्राम से युवाओं को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने अपने सामुदायिक विकास परियोजना के अंतर्गत शिक्षा सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिष्ठित पाथ आईएएस अकादमी के सहयोग से महत्वाकांक्षी पहल की शुरूआत की है। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को सीजीपीएससी एवं व्यापम परीक्षाओं की उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के युवाओं को उच्चस्तरीय शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराना और उन्हें सार्वजनिक सेवा तथा नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं से पाथ आईएएस अकादमी के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा शिक्षण, अनुकूलित पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री, मॉक टेस्ट, नियमित मूल्यांकन एवं शंकाओं का समाधान, पूर्णतः प्रायोजित कार्यक्रम, छात्रों पर कोई वित्तीय बोझ नहीं और छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 1 अक्टूबर से पहले बालको सभी पात्र युवाओं से आग्रह करता है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। 3 अक्टूबर को प्रवेश परीक्षा सद्दा कन्याशाला स्कूल, कोरबा में संपन्न होगा। 21 सितम्बर को आयोजित कनेक्ट कोचिंग प्रवेश परीक्षा में भाग ले चुके प्रतिभागी इस पंजीयन प्रक्रिया में पुनः सम्मिलित न हो।

# एसईसीएल ने 100 सफाई मित्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं सफाई मित्र।

एसईसीएल मुख्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन एसईसीएल मुख्यालय स्थित आडिटोरियम में निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास के मुख्य आतिथ्य, महाप्रबंधक सिविल भानु सिंह, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन-प्रशासन जनसंपर्क राजभाषा मनीष श्रीवास्तव, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों- कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिरंची दास ने कहा सफाई मित्र हमारे कार्यस्थल और समाज की असली ताकत हैं। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। हमें संकल्प लेना होगा कि हम सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग करें और हर उत्सव को हरित उत्सव के रूप में मनाएँ। इस वर्ष समारोह की थीम स्वच्छोत्सव रही, जिसका उद्देश्य है सिंगल यूज़ प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करना और हर उत्सव को हरित पर्व के रूप में मनाने का संकल्प लेना है । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा 100 सफाई मित्रों का सम्मान रहा । इन सफाई मित्रों को मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) श्री बिरंची दास के करकमलों से सम्मानित किया गया और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। एसईसीएल द्वारा 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता ही सेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान नदियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई, बच्चों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता पाठशाला, तथा नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करना है। एसईसीएल प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों और नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान से जुड़कर स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भारत निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन त्याग समर्पण और राष्ट्रसेवा को रहा समर्पित : गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनकर्ता, भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अवसर पर घंटाघर निहारीका में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण किया गया।

**खास बात**

- भाजपा कार्यखर्ताओं ने मनाया जयंती

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिंह, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, पूर्व महापौर जोगेश लांबा एवं देवेन्द्र पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष श्री मोदी ने कहा कि दीनदयाल जी का संपूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए मार्गदर्शक है। उनके विचार हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे, हम सभी उनके पदचिन्हों पर चलने का हम शपथ लेते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र यादव, प्रकाश अग्रवाल, नीरज ठाकुर, मंडल महामंत्री मिलाप बरेठ, पुनीराम साहू, राहुल नवनीत शुक्ला, शिव जायसवाल, मनोरमा शर्मा, लक्ष्मण श्रीवास, श्रीधर द्विवेदी, भरत सोनी, संजीव शर्मा, अनिल वस्त्रकार, चंदन सिंह सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



जयंती कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

# कटघोरा कॉलेज के चार खिलाड़ी राज्य स्तरीय कबड्डी में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा के चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगता 24 से 25 सितम्बर तक दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में आयोजित है। कटघोरा कॉलेज के ये चारों खिलाड़ी संदीप (बीए तृतीय), पूर्वांशु नेताम(बीए प्रथम सेमेस्टर), प्रिंस श्याम (बीएससी तृतीय सेमेस्टर), ओम प्रकाश (बीए तृतीय सेमेस्टर) के हैं। संस्था के प्राचार्य प्रो. मदनमोहन जोशी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में शा. मुकुटधर पांडेय महा. कटघोरा में शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ शैक्षिणेत्तर गतिविधियों में विद्यार्थियों का शानदार हिस्सेदारी हो रही है। इनके राज्य स्तरीय चयन पर प्रो. मदनमोहन जोशी प्राचार्य, गंगाप्रसाद पटेल जान भागीदारी समिति के अध्यक्ष, राजकुमारी मरकाम क्रीड़ा अधिकारी, डॉ पूनम ओझा, डॉ. प्रिंस मिश्रा, नूतन पाल कुर्रे, डॉ धरमदास टंडन, यशवंत जायसवाल, प्रेम नारायण वर्मा भुनेश्वर, शैलेन्द्र ओट्टी, धर्मेंद्र, सुश्री प्रतिमा कंवर, राकेश आजाद, गंगाराम पटेल, संजय लहरे, नम्रता ,हितेश, चंद्रेश, मुकेश, डॉ कल्पना शांडिल्य, कीर्ति मरकाम, क्रान्तिकुमार दीवान, वैष्णव, मनहरण श्याम, बालाराम साहू, कंचन देवी, विकास कुमार, देवेंद्र, महिपाल, कृष्णा, अविनाश हर्ष व्यक्त किये हैं।

# विधायक प्रेमचंद ने क्षेत्र में किए मां शक्ति के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

नवरात्रि के पर्व पर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोईदा, उतरदा, सिरली एवं कसियाडीह में विभिन्न पंडालों में विराजमान माँ दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योत-जंवारा के दर्शन व पूजा-अर्चना के निमंत्रण पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने क्षेत्र के सभी आस्था भक्ति से ओत-प्रोत ग्राम समितियों द्वारा आयोजित नवरात्र पर्व पर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर गांव व क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। इस दौरान पूर्व सदस्य युवा आयोग रघुराज सिंह उईके, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, दिलीप पटेल, मन्नु राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



# पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों के संग मां ने किया गरबा-डांडिया, जीते पुरस्कार



गरबा डांडिया कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा संध्या का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंग बिरंगी रोशनी और पारंपरिक सजावट से सजाया गया। इससे एक उत्सव पूर्ण वातावरण निर्मित हो गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं माताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती की गई और उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम की रौनक बढ़ाते हुए सभी विद्यार्थी एवं उनकी माताओं द्वारा प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। शाम होते ही माताओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर कदम रखा। रंगीन चनिया चोली पहने हुए प्रतिभागियों ने गीत संगीत की धुन पर जमकर गरबा किया। माताओं एवं छोटे बच्चों की ऊर्जा एवं उत्साह देख सभी मंत्रमुग्ध हो गए। इस प्रतियोगिता में वेशभूषा, गरबा नृत्य एवं सुंदर मेकअप को ध्यान में रखते हुए पुरस्कार वितरण भी किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गरबा संध्या को और भी मजेदार बनाने के लिए तरह-तरह के व्यंजन एवं मनोरंजन पूर्ण खेल रखकर फूड स्टॉल लगाया गया। विद्यालय की प्राचार्य एवं सेंटर कोऑर्डिनेटर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# वसुंधरा नगर में सड़क निर्माण को लेकर हंगामा लोगों ने रुकवाया काम, पार्षद का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिंग रोड 2 स्थित वसुंधरा नगर में सड़क-नाली बनाने की मांग को लेकर लोगों ने हंगामा कर दिया। कालोनीवासियों ने शिकायत करते हुए कहा कि जो सड़क पहले से बनी हुई है उसी को फिर से दोबारा बनाकर बजट की अफरातफरी की जा रही है, जबकि जहां पर कच्ची सड़क तक नहीं है और लोगों को गड्ढों और उसमें भरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, वहां से सड़क नहीं बनाई जा रही है। लोगों ने नई बन रही सड़क का काम रुकवा दिया और दो घंटे से अधिक समय तक विरोध किया। मौके पर पहुंचे पार्षद भरत कश्यप को भी लोगों ने जमकर खरी खोटी सुनाई और जानबूझकर सड़क नहीं बनवाने का आरोप भी लगाया। पार्षद के आश्वासन और समझाइश के बाद लोग शांत हुए। हालांकि चेतावनी दी गई है कि जल्द ही सड़क नहीं बनी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



रिंग रोड 2 स्थित वसुंधरा नगर वार्ड क्रमांक 19 के अंतर्गत आता है। यहां मुख्य सड़क से लेकर 160 मीटर लंबी और साढ़े पांच मीटर चौड़ी बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया है। यह काम साढ़े 9 लाख रुपए में ठेकेदार कमल सिंह को मिला है। शनिवार की सुबह ठेकेदार ने काम शुरू किया तो कुछ कालोनीवासियों ने काम रुकवा दिया और विरोध करने लगे। इससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। यहां के निवासी एके दीवान, शरद पांडे, सचिन सोनी, मुकेश खांडे, शिव चंद्राकर, आयुष कुमार, कुमारी पात्रों, आस्था पांडे, जयलक्ष्मी मधुकर, बबली और रसिका ने बताया कि जो सड़क बनाई जा रही है वह पहले से बनी है। उस पर सिर्फ लीपापोती की जा रही जिसकी जरूरत नहीं है। इससे आगे की सड़क और कालोनी के अंदर जो रास्ता जाता है वहां सड़क बनाने की मांग पिछले पांच साल से की जा रही है लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है।

# टिटलागढ़ पैसेंजर से 9 लाख के जेवर पार

**बिलासपुर।** टिटलागढ़ पैसेंजर में बिलासपुर से रायगढ़ तक सफर कर रही महिला यात्री के बैग में रखे 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर अज्ञात चोर ने पार कर दिया। मामले की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर लिया गया है।

बिलासपुर रेल मंडल के रायगढ़ रेलवे स्टेशन में सुंदरलाल साहू पीडब्लूआई के पद पर कार्यरत हैं। सुंदरलाल साहू की पत्नी राजकुमारी साहू 23 सितम्बर की सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर बिलासपुर से रायगढ़ तक टिटलागढ़ पैसेंजर में जाने के लिए बिलासपुर स्टेशन पहुंची थी। 7 बजकर 30 मिनट पर पैसेंजर प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से बिलासपुर से टिटलागढ़ के लिए रवाना हो गई। रेल कर्मचारी की पत्नी राजकुमारी साहू जिस कोच में सफर कर रही थी। इसी कोच में एक अंजान व्यक्ति भी सवार हुआ। राजकुमारी साहू ने अपने पास रखे बैग को बर्थ के नीचे रख दिया। उक्त व्यक्ति ने रेल कर्मचारी की पत्नी से नीचे रखे बैग को ऊपर बर्थ में रखने की बात कही, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। रेल कर्मचारी की पत्नी ने व्यक्ति को बैग में जेवरात होने की जानकारी देते हुए बर्थ के नीचे रहने की बात कही। गतौरा स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के उपरांत महिला के बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात गायब हो गए। रेल कर्मचारी सुंदरलाल साहू के अनुसार बैग में करीब 7 तोला सोने के जेवरात और 21 तोला चांदी के पायल सहित करीब 9 लाख रुपए से अधिक के जेवरात थे।



### शिकायत 2 लाख 70 हजार की

रेल कर्मचारी सुंदरलाल साहू के अनुसार उनकी पत्नी के पास रखे बैग का चेन खोलकर करीब 9 लाख के सोने-चांदी के जेवरात पार हुए थे। वहीं जीआरपी ने प्रार्थी की शिकायत के बावजूद चोरी किए गए जेवरात की कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए के आसपास दर्ज की है। जीआरपी प्रभारी राकेश वर्मा ने बताया कि रेल कर्मचारी की पत्नी के जेवरात चोरी होने के उपरांत शिकायत रायगढ़ स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। वहां से डायरी आने के बाद अपराध बिलासपुर में कायम किया गया है। फिलहाल रेल कर्मचारी सोने-चांदी के जेवरात की कीमत जितनी बता रहे हैं, उतनी नहीं है। जीआरपी थाने में जेवरात की कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए के करीब कायम की गई है।

27 korba-pg3_Layout 1 9/28/2025 12:06 AM Page 1



## पंडालों में विराजी मां


नव दुर्गा उत्सव नवयुवा समिति अयोध्यापुरी गोड़ मोहल्ला।


चैनपुर बेलटिकरी बसावट।


सार्वजनिक नव दुर्गोत्सव समिति बरपाली


सार्वजनिक उत्सव पठियापाली।


जय महाकाल दुर्गा उत्सव समिति ग्राम सुखरीकला

### मड़वारानी में पंचमी से शुरू हुआ क्वांर नवरात्रि का पर्व, चैतुरगढ़ पहाड़ में भी लग रही भक्तों की भीड़

# मैदान में मां की भक्ति का चल रहा गरबा तो पहाड़ों में झूम रहे माता के भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वांर नवरात्रि में भले ही बारिश अपना प्रभाव डाल रही है किंतु इससे भक्ति का दौर थम नहीं रहा है। मैदानी क्षेत्र में जहां मां की भक्ति में जगह जगह गरबा डांडिया चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में विराजी माता के दरबार में ग्रामीण अंचल के भक्त भक्ति में झूम रहे हैं। मड़वारानी में शनिवार को पंचमी के अवसर से नवरात्र का पर्व शुरु हुआ वहीं अंचल के प्रसिद्ध चैतुरगढ़ पहाड़ में भी मां महिषासुर मर्दनि के दरबार में भक्त पहुंचने लगे हैं।

लगातार दो दिन से रुक रुककर हो रही बारिश से नवरात्रि में होने वाले गरबा नृत्य में लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। देर शाम होते ही महिलाओं और युवतियों की भीड़ डांडिया मैदान में पहुंचने लगती है जो देर रात तक आदिशक्ति की भक्ति में किए जाने वाले इस गरबा नृत्य में डूबी नजर आती है। ठीक इसी तरह पहाड़ों में विराजी माता के दरबार में भी ग्रामीण अंचलों के भक्त झूमते हुए पहुंच रहे हैं। करतला विकासखंड में डंगनाई पहाड़ पर विराजित मां डंगनाई देवी करतला और कोरबा विकासखंड क्षेत्र के भक्त बड़ी संख्या में डंगनाई पहाड़ पहुंच रहे हैं। इसी तरह मडंवारानी पहड़ा में हमेशा पुरानी परंपरा के तहत पंचमी के दिन से नवरात्र की शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर शनिवार को मड़वारानी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त जवारा बोने और कलश स्थापना के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। शाम होते ही वहां भक्तों की भीड़ पहले दिन से ही लगनी शुरु हो गई थी। अंचल के सबसे प्रसिद्ध चैतुरगढ़ पहाड़ पर स्थित मां महिषासुर मर्दनी मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। 950 तेल एवं 90 घी के ज्योति कलश है तथा 11सौ ज्वारा कलश स्थापित किए गए हैं। चैतुरगढ़ में जिले के अलावा बिलासपुर, रतनपुर एवं पेंड्रा क्षेत्र के भक्त पहुंच रहे हैं। पहाड़ों पर स्थापित आदिशक्ति के दरबार में एक और दरबार मां कोसगाई देवी का है। अजगरबहार से 12 किमी दूर कोसगाई पहाड़ पर कोसगाई देवी का मंदिर है। पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित इस पहाड़ में कोसगाई देवी के दर्शन के लिए बालको क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण अंचल के भक्त पहुंचते हैं। क्षेत्र का यह एक धार्मिक स्थल होने के नाते यहां के आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं भी की हैं।


मां कोसगाई दाई।


दर्शन के लिए पहाड़ चढ़ते भक्त।


सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता।


चैतुरगढ़ मंदिर में लगी भक्तों की कतार।


मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश।

## माँ सर्वमंगला मंदिर में लग रहा भक्तों का तांता

सभी की मंगल करने वाली, सभी को सिद्धि देने वाली माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में पंचमी को श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। माता के श्रीचरणों में आशीर्वाद प्राप्त करने आज सुबह से ही खुशनुमा मौसम में श्रद्धालु माँ सर्वमंगला देवी मंदिर पहुंचे और शाम तक यह सिलसिला जारी रहा। संध्या 7 बजे माँ सर्वमंगला देवी की महाआरती में भी सैकड़ों लोग शामिल हुए। मंदिर का हाल जहां खचाखच भरा था, वहीं मंदिर परिसर में भी रहकर लोग आरती में शामिल हुए। माँ सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने बताया कि किसी भी देवी-देवता का पूजन तभी पूर्ण माना जाता है जब उसकी आरती भी की जाती है। आरती से भक्त और मातारानी के बीच संबंध मजबूत होते हैं। नकारात्मक ऊर्जा का विनाश होता है और पर्यावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## नवदुर्गा के नौ रुपों की झांकी में दिखे स्कूली बच्चे



**दीपका।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाबर दीपका में मां नवदुर्गा के नौ रुपों की झांकी नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई। बच्चों के इन प्रस्तुतियों को देख ऐसा प्रतीत हुआ मानो मां दुर्गा के इन नव रूपों का साक्षात दर्शन हो गया हो, साथ ही शक्ति स्वरूपा माता रानी की आराधना के पश्चात विद्यालय में युनिट टेस्ट 2 और क्वार्टरली (त्रैमासिक) परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और इसी के तहत पीटीएम का भी आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संचालक भौनेन्द्र डहरवाल, प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा यादव, उपप्राचार्य चिरंजीव, संचालक रीता डहरवाल रामिन यादव, मुकेश कुमार तिवारी, सोनल यादव, माया, कविता डहरवाल, गुरमीत कौर, वीणा बरेठ, कौशिल्या कंवर, शांता कंवर, स्मिता पटेल, शीतल कौर, दीप्ती महंत, राधिका साहू, रश्मि एक्का, कविता महंत और रिंकी रिंकू आशीष, लक्षन, अमरनाथ और प्यारे विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# जादूगर कुनाल ने दिखया बस स्टैंड दुर्गा पंडाल में अपना करतब


जादूगर करतब दिखाता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में कुनाल छत्तीसगढिया जादूगर ने नवरात्रि के पावन पर्व पर जादू एवं कलाकारी दिखाया। जादूगर कुनाल ने अपने जादू के द्वारा कबूतर उड़ाकर, खाली मटके से पानी निकालना और कई प्रकार के जादू दिखाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने खूब आनंद लिया और जादू देखकर खुश होते हुए तालियां बजाते रहे। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकास राठौर, वीरेंद्र पटेल, यशवंत राठौर, डॉ गणेश प्रभुवा, देवेश शर्मा, राजू गुप्ता, बंटी राठौर, पंडा रमेश, महावीर डिक्सेना, हेम साहू, रामलाल प्रजापति, यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, किशोर यादव, कांति राठौर, यदुराज राठौर, राजू राठौर, राहुल यादव, रमेश प्रजापति, आकाश जायसवाल, समीर जायसवाल, धनंजय धुरवा, आशीष अग्रवाल, चंदराम यादव, आसुतोष बंजारे, बबला मरकाम, विकास कंवर, प्रताप कंवर, परमेश्वर निर्मलकर, विक्की यादव के अलावा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता आज

**हरदीबाजार।** माँ दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर की रात 8 बजे से बस स्टैंड दुर्गा पंडाल के बगल में कराया जाएगा। बस स्टैंड हरदी बाजार के दुर्गा पंडाल में दुर्गा पूजा का यह लगातार 17वां वर्ष है। नवरात्रि के नौ दिन अलग अलग कार्यक्रम समिति के द्वारा कराया जाता है। समिति के द्वारा 28 सितंबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है समिति के द्वारा डांसर बधुओं को डांस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने अपील की गई है।

# जीएसटी सुधार से बिजली बिल में प्रति यूनिट 11 पैसे की आएगी कमी



**खास बात**

- कोयले पर लगने वाले कंपनसेशन सेस 400 रुपए प्रति टन को किया गया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने तथा मध्यम वर्ग को व्यापक राहत देने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से जीएसटी दरों की नई व्यवस्था लागू की गई है। जिसे केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी रिफॉर्म 2.0 का नाम दिया गया है। इस नई व्यवस्था में केन्द्र सरकार ने कोयले पर कंपनसेशन सेस समाप्त कर दिया है।

कोयला ताप विद्युत उत्पादन के लिए ईंधन का काम करता है। ईंधन की लागत में कमी से उत्पादन लागत में भी कमी संभावित है और प्रारंभिक आंकलन के अनुसार इससे उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली दर में लगभग 11 पैसे की कमी का लाभ मिल सकता है। जीएसटी रिफॉर्म 2.0 में किये गये युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत केन्द्र सरकार ने कोयले पर लगने वाले कंपनसेशन सेस 400 रूपये प्रति टन को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। वहीं कोयले पर जीएसटी को 5 प्रतिशत से बढाकर 18 प्रतिशत किया गया है। इन दोनों के संयुक्त प्रभाव से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को औसतन अनुमानित 152.36 रूपये प्रति टन कम लागत पर कोयला प्राप्त होगा, जिससे कंपनी की उत्पादन लागत में औसतन 11.54 पैसे प्रति यूनिट कमी संभावित है। कंपनसेशन सेस विद्युत उत्पादन लागत में एक बड़ा मुद्दा था, जिसमें राहत मिलने से उत्पादन लागत में कमी का मार्ग प्रशस्त होगा जो केन्द्र सरकार की मंशा के अनुसार विद्युत उपभोक्ताओं को भी लाभान्वित करेगा।

# सीएचसी में समय पर नहीं आते चिकित्सक, मरीज परेशान


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सब डिवीजन मुख्यालय कटघोरा स्थित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में प्रदेश सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी कर दी गई है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि चिकित्सक समय पर नहीं पहुंचते। इसके चलते ओपीडी का संचालन बाधित हो रहा है और मरीज परेशान हो रहे हैं।

पिछले कुछ महीनो से कटघोरा के सरकारी अस्पताल में व्यवस्थाएं एक तरह से हासीए पर चली गई है और अव्यवस्था का कब्जा हो गया है। हालात इस प्रकार के बन चुके हैं कि जिन चिकित्सक की नियुक्ति यहां पर की गई है वह अपने कामकाज के मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। व्यवस्था के अंतर्गत ओपीडी में चिकित्सकों के बैठने की समय सारणी निर्धारित की गई है लेकिन मरीज का अनुभव इस प्रकार का है कि चिकित्सक अपनी सीट पर पहुंचते ही नहीं। इसके लिए उनकी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। ऐसे में उन मरीजों के लिए काफी मुश्किल हो जाते हैं जो या तो दूर से यहां पहुंचते हैं या फिर कामकाजी श्रेणी के होते हैं। जानकारी मिली है कि कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में रात्रि कालीन ड्यूटी में भी चिकित्सक की उपस्थिति ना के बराबर होती है। आपात स्थिति में फोन करने के बाद उन्हें यहां बुलवाया जाता है और तब कहीं जाकर मरीजों की समस्या का समाधान हो पाता है। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर की व्यवस्था में इस तरह की कमियों होने से उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

**1686 रा.प्र.क्र.Q/ब 121/2024-25**
**ग्राम बेलगिरी बस्ती प.ह.नं.**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका लाल बहादूर पिता/पति स्व.गौतम भैना जाति भैना निवासी बेलगिरी तहसील कोरबा जिला कोरबा द्वारा अपने माता फुलबाई भैना का दिनांक 01/06/24 को मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बावत आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 15/10/25 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा (छ.ग.)**

# बोईदा विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में शासन प्रशासन के आदेश पर एवं प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में व राजेन्द्र कुमार नायक प्रभारी के प्रमुख मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितम्बर से 2 अक्टुबर तक आयोजन किया जा रहा है। जिसका प्रमुख उद्देश्य शासकीय संस्थाओं में पूर्ण स्वच्छता अपनाया जाना है जिसके तहत स्वच्छता शपथ, स्वच्छता का महत्व वर्षा जल संरक्षण, हाथ धुलाई स्वच्छता आदतों पर छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, चित्रकला भाषण प्रश्नोत्तरी और मॉडल तैयार करने संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। नारा लेखन में प्रतिभा पटेल, अनीशा पटेल, निबंध लेखन में मुस्कान यादव, चित्रकला में उषा पटेल, अनुष्का पटेल, अनीशा पटेल, देविका पटेल, दिव्या कश्यप, कोमल श्रोते, बिपाशा यादव, चंचल राज, रंगोली में नंदिनी चौहान इंदु जगत, चांदनी जगत, काजल कश्यप, याचिका, राधिका, देवीका, संध्या, शोभा ने अहम रूप से प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही जागरूकता संदेश चित्रों को स्कूलों में प्रदर्शन कर ट्रीपल आर रिड्यूज, रियूज, रिसायकल के सिद्धांत का पालन करते हुए प्लास्टिक का उपयोग रोकने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के विषय में जागरूकता लाना है। प्राचार्य पूनम दुबे ने बताया कि छात्रों के अंदर बेहतर उत्कृष्ट शिक्षा के साथ स्वच्छता, नशा मुक्ति, अनुशासन पर भी ध्यान देना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य पूनम दुबे, राजेन्द्र कुमार नायक, वीरेंद्र कुर्रे, लखन लाल, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी, भारती सिंह तोमर, सुनील कुमार मिश्रा, परमेश्वर राम मराठा, भाग्यश्री पांडेय, शिवनारायण जगत, रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े, श्याम मरावी, पुष्पेंद्र कंवर, उदय पटेल, ओमप्रकाश सोनवानी, लोकेश कुमार सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे टहल रहे व्यक्ति की ट्रक की टक्कर से मौत

**सीतापुर।** एनएच 43 किनारे टहल रहे युवक की संदिग्ध रूप से मौत हो गई। युवक की मौत को लेकर परिजन ने दुर्घटना की संभावना जताई है जबकि ससुराल पक्ष ने मारपीट के बाद हत्या करने की बात कही है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम चलता बरपारा निवासी 44 वर्षीय रमेश प्रधान आ. डोलाराम प्रधान 25 सितम्बर को अपने मित्र आशीष नाग के स्थ बाइक से एनएच 43 किनारे स्थित पंडित तालाब के पास गया हुआ था। इस दौरान आशीष शौच के लिए तालाब की ओर चला गया जबकि रमेश सड़क किनारे टहलने लगा।

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

27 korba-pg4_Layout 1 9/28/2025 12:11 AM Page 1



## खबर संक्षेप




### अभाविप की नवीन कार्यकारिणी घोषित, नगरमंत्री बने नरेंद्र

**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा जिला के इकाई कटघोरा की नवीन कार्यकारिणी सत्र 2025-26 की घोषणा हुई। जिसमें जिला विस्तारक प्रदीप साहू एवं समाज सेवक अनुराग तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने नवीन दायित्वान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पुनिर्माण के इस ध्येय यात्रा में कटघोरा इकाई की भी भागीदारी सुनिश्चित हो जिसमें 2025-26 के नगरमंत्री नरेंद्र कुर्रे, नगर सह मंत्री अमरजीत सिंह राजपूत, हरीश यादव, आन्या गुप्ता, नगर कार्यालय मंत्री सौरभ बंजारा, नगर एसएफएस प्रमुख उत्कर्ष दुबे, नगर एसडीएस प्रमुख प्रदीप कुमार कुरूम, मनदीप सिंह मार्को, नगर राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख मुस्कान पुहुप, राहुल दास महंत, नगर सोशल मीडिया प्रमुख सक्षमकुर्रे, कृष्णा यादव, नगर एन एस एस प्रमुख साहिल पैगवार, नगर महाविद्यालय प्रमुख हर्ष दुबे, नगर विद्यालय प्रमुख शौर्य जायसवाल नगर छात्रावास प्रमुख सुन्दरम जायसवाल, संपत मरकाम, साधना राज, नगर स्टडी सर्कल प्रमुख सुमित साहू, श्याम वस्त्रकार, नगर कार्यकारिणी सदस्य गौरव खांडे, आदित्य ठाकुर को दायित्व की घोषणा की गई।

### सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में शुक्रवार को विद्या भारती ने सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं अध्यक्षता विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारी के रूप में सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नानभाई पटेल, व्यवस्थापक जोगेश लांबा, वनांचल सेवा न्यास समिति के सचिव चंद्र किशोर श्रीवास्तव, प्रांत संयोजक अनिल शर्मा, क्षेत्रीय सहसंयोजक प्रेमलाल पटेल, विभाग समन्वयक दीपक सोनी, सूर्य कुमार पांडे, पूर्व व्यवस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार विकास जोशी, विभिन्न विभागों से आए हुए प्राचार्य प्रधानाचार्य, आचार्य आचार्या, स्थानीय विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रतिभागी उपस्थिति रहे। सांस्कृतिक महोत्सव में 18 विधाओं की प्रतियोगिता सम्मिलित की गई। जिसमें रंगोली, चित्रकला, निबंध, स्वरचित कविता, प्रश्न मंच, मूर्ति कला, गीता पाठ, वंदे मातरम गायन, व्यक्तिगत गीत,एकलभजन, एकल अभिनय, आचार्य पत्र वाचन, तात्कालिक भाषण, मानस प्रथमाक्षरी, कथा कथन एवं तबला वादन से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

### गोढ़ी में हुआ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कोरबा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर गुरुवार को ग्राम गोढ़ी के पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवा पर्व का शुभारंभ वरि. कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार, अधीक्षण अभियंता अमित फुटाने, देवी शंकर राय, पंचराम वार्ते एवं नारायण सिंह ठाकुर के आतिथ्य में एवं डॉ अभिषेक रामटेके, डॉ. प्रज्ञा चंद्रा मंचस्थ रहे। इस अवसर पर सीएसईबी कोरबा पूर्व के तत्वाधान में ग्राम गोढ़ी सरपंच द्वारा ग्राम में मुनादी कराकर ग्राम वासियों को स्वास्थ्य का लाभ पहँचवाया। जिसमें अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। स्वास्थ्य शिविर में कोरबा पूर्व से संदीप सोना, राकेश श्रीवास्तव, एसके डेविड, भगवती तंवर, महिपाल कैवर्त, प्रभा राव, करन यादव, एंग्लो कुमार बंधन, संदीप बरेठ, नरेन्द्र सिंह, लक्ष्मी कंवर, लक्ष्मीन कंवर का सहयोग रहा।

## बदले गए समग्र शिक्षा विभाग के शहरी बीआरसी

# शासन ने किया जिले के समग्र शिक्षा विभाग में बदलाव, दो एपीसी का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए शिक्षा मंत्री बनने के बाद शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर लगातार बदलाव हो रहा है। इसी कड़ी में लंबे समय से जमे विभागीय कर्मचारियों को बदलने की तैयारी चल रही है। शनिवार को जारी सूची के अनुसार जिले के समग्र शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का स्थानांतरण जिले से बाहर किया गया है। वहीं समग्र शिक्षा विभाग के शहरी बीआरसी को भी बदलने की कार्यवाही की गई है।

**खास बात**

- लंबे समय से जमे हैं ग्रामीण बीआरसी

स्थानांतरण सूची के तहत समग्र शिक्षा विभाग के जिला मुख्यालय में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय (एपीसी) के पद पर पदस्थ काजी रुखसार हुसैन का स्थानांतरण जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के विकल्प पर किया गया है। काजी रुखसार का मूल पद भौतिक विषय के व्याख्याता का था लेकिन ये समग्र शिक्षा में पदस्थ थे। इनमें रुखसार काजी लंबे समय से स्वामी आत्मानंद स्कूल का प्रभार देख रहे थे। ओमेश्वरी नायक सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय के पद पदस्थ थी। उनका तबादला भी रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी के विकल्प में किया गया है। ओमेश्वरी नायक का मूल पद व्याख्याता का था। शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति के नाम पर हो रही गड़बड़ियों की शिकायतें कलेक्टर तक भी पहुंची थी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़निया विकासखंड कटघोरा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ चंद्रेश कुमार दुबे को प्रतिनियुक्ति में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय में पदस्थ किया गया है। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के स्वामी आत्मानंद विद्यालय पसान में भौतिक विषय के व्याख्याता वर्तिका जान को प्रतिनियुक्ति पर सहायक कार्यक्रम समन्वयक के पद पर जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा में पदस्थ किया गया है। वहीं समग्र शिक्षा के कोरबा विकासखंड के शहरी बीआरसी के पद पर पदस्थ अनिल रात्रे को बदल दिया गया है। उनकी जगह अभिषेक तिवारी को शहरी बीआरसी बनाया गया है। इसी तरह कोरबा ब्लॉक के ही ग्रामीण बीआरसी के पद पर अभी तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**छात्रों ने किया था चक्काजाम**

स्वामी आत्मानंद स्कूल पसान के छात्रों ने शिक्षक की मांग को लेकर लगभग 2 घंटे तक पसान पेंड्रा मार्ग में चक्काजाम कर दिया था जिसके लिए पसान तहसीलदार को स्वयं जाकर चक्काजाम समाप्त कराना पड़ा था। उसी स्वामी आत्मानंद स्कूल पसान में भौतिक विषय की व्याख्याता वर्तिका जान को समग्र शिक्षा कार्यालय में पदस्थ किया जाना समझ से परे हैं। जबकि स्वामी आत्मांद स्कूलों में शिक्षण सत्र के चार माह गुजरने के बाद भी शिक्षा विभाग शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर सका है। दो माह बाद स्कूलों में छःमाही परीक्षा शुरु हो जाएगा। ऐसे में जो शिक्षक पदस्थ हैं उनको भी जिला मुख्यालय में अटैच किया जा रहा है। यह जानकर भी इस कदम से छात्रों का आक्रोश एक बार फिर भड़क सकता है। विभाग के अधिकारियों ने इस मुद्दे पर संज्ञान नहीं लिया है।

## ट्रांसपोर्टर और उसकी मां की सड़क हादसे में मौत



सड़क हादसे में दुर्घटनाग्रस्त कार व इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के युवा ट्रांसपोर्टर अमन बाजवा उर्फ तलविंदर सिंह और उनकी मां की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना मध्य प्रदेश के चित्रकूट के पास बुंदेलखंड नेशनल हाईवे पर घटित हुई है। इस सड़क हादसे में अमन बावजा के मौसा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**खास बातें**

- मप्र के बुंदेलखंड हाईवे पर हुआ हादसा, एक घायल
- पत्नी-बच्चों से मिलने पंजाब जा रहे था परिवार

ट्रांसपोर्टर अमन बाजवा 34 वर्ष अपनी मां और मौसा के साथ स्कॉर्पियो से पंजाब जा रहे थे। वे अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने पंजाब जा रहे थे। अमन बाजवा दीपका थाना क्षेत्र के झाबर में निवास करते थे। चित्रकूट में बुंदेलखंड नेशनल हाईवे पर हुए इस हादसे में मां और बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल संबंधित पुलिस थाना और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी फोन पर दी। अमन बाजवा एक बड़े ट्रांसपोर्टर थे, जिनका कोयला का काम चलता था और उनकी लगभग 100 से अधिक गाड़ियां रोड लाइन पर चलती हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। हादसे की खबर मिलते ही गेवरा-दीपका क्षेत्र के ट्रक मालिक एसोसिएशन और कोयला व्यवसायियों में शोक का माहौल है।

## कांस्टेबल की हार्ट अटैक से हुई मौत एसपी कार्यालय में था पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर वह खुद अपनी बाइक से अस्पताल पहुंचा था। लेकिन चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद कुछ घंटों बाद ही उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। बीते एक महीने में पुलिस विभाग में एक निरीक्षक, 2 आरक्षक और 3 पुलिस कर्मियों के बच्चों की मौत से शोक की लहर व्याप्त है।



मृतक कृष्ण कुमार

इस घटना के बाद से पूरे पुलिस महकमे में गहरा शोक है। मृतक आरक्षक कृष्ण कुमार खरिया का स्वास्थ्य सामान्य था और वह रोजमर्रा के कामकाज में सक्रिय रहता था, लेकिन दोपहर अचानक कृष्ण कुमार खरिया को सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। किसी को परेशान न करते हुए कृष्ण कुमार खरिया स्वयं अपनी बाइक से नजदीकी अस्पताल पहुंचा। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार दिया और हालत गंभीर देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद कृष्ण कुमार खरिया की मृत्यु हो गई। यह घटना पुलिस महकमे के लिए चौंकाने वाली और पीड़ादायक है। बताया जा रहा है कि पिछले एक महीने के भीतर कोरबा पुलिस विभाग ने लगातार कई अपनों को खोया है। इस अवधि में एक निरीक्षक, दो आरक्षकों और तीन पुलिसकर्मियों के बच्चों की मृत्यु हो चुकी है। लगातार हो रही इन मौतों ने विभागीय कर्मचारियों को मानसिक रूप से झकझोर कर रख दिया है। आरक्षक कृष्ण कुमार खरिया की मौत के बाद जिले भर के पुलिस अधिकारी और जवान अस्पताल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। मृतक आरक्षक के परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है और उनके घर में मातम का माहौल है।

## कटघोरा गोलीकांड का फरार मास्टरमांइड रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र में हुए गोलीकांड के मास्टर माइंड को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है। कटघोरा के कसनिया क्षेत्र के एक मकान में हुए फायरिंग की घटना में पुलिस ने अब तक शूटर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से ही फरार इस वारदात के मुख्य आरोपी शक्ति सिंह की तलाश की जा रही थी। जिसे रायपुर में दबिश देकर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।



आरोपी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया में गोलीकांड की घटना हुई थी। कसनिया में रहने वाले सिकंदर मेमन के घर पर देशी कट्टे से दो राउंड फायरिंग की गयी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गोली चलाने वाले आरोपी शूटर दुर्गेश पांडे को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। इस वारदात के बाद पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर कोरबा से 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में इस गोलीकांड के पीछे शक्ति सिंह नामक शख्स की अहम भूमिका सामने आयी थी। जिसने 10 हजार रूपये में सुपारी देकर यूपी से शूटर कोरबा बुलवाया था। जांच में हुए इस खुलासे के बाद पुलिस मुख्य आरोपी शक्ति सिंह की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने 6 सदस्य टीम का गठन किया था। जिसके बाद 6 सदस्यी टीम ने फरार आरोपी शक्ति सिंह की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। इसी बीच शनिवार को आरोपी शक्ति सिंह को पुलिस की टीम ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बातें**

- सुपारी देकर यूपी से बुलाया था शूटर
- गोलीकांड के तीन आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी शक्ति सिंह भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी की कार्यकारिणी में महामंत्री है। मुख्य आरोपी बीजेपी नेता शक्ति सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस की इस पूछताछ के बाद कटघोरा में हुए गोलीकांड के पीछे के पूरे षड्यंत्र का खुलासा होने की उम्मीद है।

## तनेरा में हाथियों का खतरा बरकरार 54 हाथियों का झुंड कर रहा विचरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का खतरा लगातार बना हुआ है। यहां के तनेरा गांव में 54 की संख्या में हाथी लगातार मंडरा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हाथियों के इस झुंड ने शुक्रवार की रात उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की खेतों में लगे बड़ी मात्रा में धान की फसल को मटियामेट कर दिया, जिससे 27 ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। उन्हें हाथियों के उत्पात के कारण काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं, वहीं नुकसानी का आंकलन भी शुरू कर दिया गया है। हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह से डेरा डालने तथा प्रतिदिन उत्पात मचाकर फसलों को रौंदे जाने तथा नष्ट किए जाने से ग्रामीण परेशान हैं। हाथियों की मौजूदगी के कारण उनमें भय भी व्याप्त है।

हालांकि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में मौजूद हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। बावजूद इसके हाथियों का दल खेतों में पहुंचकर फसलों को बर्बाद करने में सफल हो जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। वन विभाग तथा प्रशासन को चाहिए कि हाथी समस्या का स्थाई समाधानी ढूंढें तथा क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को राहत दे। ज्ञात रहे हाथियों के इस दल में शामिल दंतैल हाथी ने कुछ दिन पूर्व लकड़ी जंगल गए एक ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया था।

## हरदीबाजार-तरदा टू-लेन सड़क निर्माण पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत हरदीबाजार से तरदा तक बनने वाली टू लेन सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया फिर विवादों में उलझ गई है। परियोजना के लिए 11 गांवों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है, लेकिन प्रभावित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि पर सवाल उठाते हुए आपत्ति दर्ज की है।

**खास बात**

- मुआवजा को लेकर ग्रामीणों की आपत्ति, अधिग्रहण प्रक्रिया अटकी

उल्लेखनीय है कि कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना द्वारा ग्रामीणों को दस्तावेज जमा कर मुआवजा प्राप्त करने नोटिस जारी किया गया है। दूसरी ओर बिरदा गांव के किसानों ने स्पष्ट कहा है कि उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि किस आधार पर राशि का निर्धारण किया गया है। कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पत्र में मुआवजा राशि निर्धारण का कोई आधार नहीं बताया गया है। जमीन अधिग्रहण के समय भी उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई थी। ग्रामीणों ने मांग की कि मुआवजा भारतमाला परियोजना की तर्ज पर तय किया जाए और जमीन का मूल्यांकन भी उसी आधार पर किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो वे अदालत का रुख करेंगे। उनकी आपत्ति के कारण सड़क निर्माण में और देरी की आशंका है, क्योंकि 90 प्रतिशत मुआवजा वितरण पूरा हुए बिना टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती। कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी, जीआर जांगड़े ने बताया कि जमीन अधिग्रहण के बाद ही नया टेंडर जारी किया जाएगा। मुआवजा राशि प्रशासन के पास जमा करा दी गई है और शेष प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।



फाइल फोटो

**27.19 किमी सड़क, 250 प्रभावित**

हरदीबाजार-तरदा, सर्वमंगला-इमलीछापर सड़क की कुल लंबाई 27.19 किलोमीटर है। तीन चरणों में बन रही तरदा-हरदीबाजार सड़क का हिस्सा 13 किलोमीटर लंबा है। इस सड़क निर्माण में ग्रामीणों की भूमि ली जा रही है। करीब 250 प्रभावित परिवारों को 8 करोड़ रुपये का मुआवजा बंटना है। अवार्ड पारित होने के बाद मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**पीडब्ल्यूडी और ठेका कंपनी की स्थिति**

पीडब्ल्यूडी ने मुआवजा राशि पहले ही भू-अर्जन अधिकारी, कटघोरा के पास जमा करा दी है। लेकिन अधिग्रहण प्रक्रिया अटकने से निर्माण कार्य फिर से रुकता दिख रहा है। ठेका कंपनी ने भी जमीन न मिलने के कारण काम करने से इंकार कर दिया था। नवंबर 2024 में ठेका समाप्त हो चुका है। सर्वमंगला से इमलीछापर के बीच करीब 500 मीटर सड़क अभी अधूरी है। तीन चरणों का काम एक साथ होने की वजह से नया टेंडर भी जारी नहीं हो पा रहा है।

### आदिवासी सेवा सहकारी समिति की आमसभा आज

**भैसमा।** आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित भैसमा एवं धान उपार्जन केंद्र भैसमा एवं धान उपार्जन केंद्र कुदुरमाल के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के समस्त पंजीकृत किसान भाइयों के लिए समिति की 28 सितंबर को दोपहर 12 बजे आमसभा की बैठक आयोजित की गई है।







## व्यापारियों एवं आमजन से भाजपा नेताओं ने किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में दी गई विशेष छूट की सौगात को लेकर जिले में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया ने पावर हाउस रोड, घंटाघर एवं निहारीका क्षेत्र में व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्थानीय व्यवसायिक समुदाय एवं आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर जीएसटी सुधारों की जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशवासियों को जीएसटी में दिये गये विशेष छूट से व्यापारी समुदाय में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। उन्होंने बताया की उपभोक्ताओ का बाजार की ओर रुझान बढ़ा हैं। संवाद कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, मंडल महामंत्री राहुल नवनीत शुक्ला, मिलाप राम बरेठ, पुनीराम साहू, प्रकाश अग्रवाल, सूरज पांडेय, रिपु जायसवाल, नीरज ठाकुर, परविंदर सिंह, युगल कैवतर्य, ईश्वर पटेल, संजीव शर्मा, पवन सिन्हा, रामकुमार त्रिपाठी, अनिल वस्त्रकार, श्रीधर द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

